# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–07 जून2025** **सान्ध्य समाचार**

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध प्रदेश सरकार बड़े स्तर पर सरकारी इन्फ्रास्ट्रक्चर को भविष्य की जरूरतों के अनुसार निर्मित करने पर फोकस कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश को धरातल पर उतारने के लिए 20 विभागों से संबंधित बड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत भवन सेल द्वारा 95 निर्माण कार्यों को 18,767 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इसमें विभागों के कार्यालयों सहित विभिन्न प्रकार के आवासीय–गैर आवासीय अवसंरचनाओं का निर्माण शामिल है। कार्य योजना के अनुसार गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्यों को 6,550 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। जबकि, चिकित्सा शिक्षा, कारागार और उच्च शिक्षा विभाग के भी कई बड़े निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं।

**********

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज महाराजगंज के बैजू डेहरा गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान दो हजार पच्चीस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने स्टालों का निरीक्षण किया और किसानों को ट्रैक्टर की चाबी भी वितरित की। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह पहली बार है, जब वैज्ञानिकों को सीधे गांवों में भेजा जा रहा है, ताकि वे किसानों से मिलकर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दे सकें। यह अभियान 12 जून तक चलेगा और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है।

**********

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले करीब 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज, हम वैश्विक नेतृत्व और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान देंगे।

***देश ने वित्त वर्ष 2024–25 में अक्षय ऊर्जा क्षमता में रिकॉर्ड 29 दशमलव 52 गीगावॉट की बढ़ोतरी की है। जिसके चलते अब कुल क्षमता 220 दशमलव 10 गीगावॉट हो गई है। इसमें पवन और सौर ऊर्जा में तेज वृद्धि के साथ–साथ परमाणु ऊर्जा में भी अच्छा इजाफा हुआ है। भारत अब अक्षय ऊर्जा देश आकर्षण सूचकांक में साथ में सातवें स्थान पर है, जो वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में देश के बढ़ते कद को दर्शाता है। राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन जैव ऊर्जा कार्यक्रम और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसी पहल कम कार्बन अर्थव्यवस्था की नींव रख रही हैं। भारत की यह स्वच्छ ऊर्जा पहल उसके वैश्विक जलवायु नेतृत्व से जुड़ी हुई है। कॉप 26 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचामृत लक्ष्य घोषित किए, जिनका उद्देश्य 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना है। इसके अलावा भारत में अंतरराष्ट्रीय जलवायु सहयोग को आकार देने में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

अयोध्या के राम मंदिर में प्रथम तल पर प्रतिष्ठित राम दरबार का दर्शन जल्द ही श्रद्धालुओं को मिलने लगेगा। इसके लिए श्रीराम मंदिर ट्रस्ट विचार कर रहा है। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज बताया कि राम मंदिर के परिसर में राम जन्म स्थान अर्थात जहां पर रामलला टेंट में विराजमान थे, उस स्थल पर एएसआई पुरातत्व विभाग की टीम सर्वे कर रही है। सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि इस पर चर्चा कर रहे हैं। भगवान के दरबार में जाने और आने को लेकर श्रीराम मंदिर ट्रस्ट व्यापक प्रबंध में जुटा हुआ है। लगभग 10 दिन के अंदर दर्शन शुरू हो सकता है।

**********

कुर्बानी का पर्व ईद–उल–अजहा प्रदेश में धार्मिक आस्था और उत्साह से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोगों ने आज सुबह ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की और एक दूसरे को बधाई दे रहे है। यह पर्व हजरत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश पर अपने इकलौते पुत्र की कुर्बानी देने पर राजी होने की याद में मनाया जाता है। गोरखपुर में भी पर्व को लेकर खूब उत्साह है। सुबह मस्जिदों में विशेष नमाज अदा करने के साथ ही घरों में और तीन दर्जन से अधिक चिन्हित स्थानों पर परंपरा के अनुसार कुर्बानी दी गई।

**गोरखपुर में ईद–उल–अजहा पर्व शांति, सादगी, मुहब्बत, अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। ईद–उल–अजहा की नमाज शहर की सभी ईदगाहों व मस्जिदों में अमन, सलामती, भाईचारे की दुआ के साथ सम्पन्न हुई। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी।गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।**

कुशीनगर, बलरामपुर, चंदौली, महाराजगंज, मिर्जापुर, जौनपुर, मऊ सहित प्रदेश के अधिकांश जनपदों में भी ईद–उल–अजहा का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

**********

पूर्वांचल के अधिकांश जनपदों में इन दिनों भीषण गर्मी के कारण आम लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में इस स्थिति में और बढ़ोत्तरी होने की चेतावनी जारी की है। विभाग ने 9 जून से प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने की संभावना भी जताई है। इसके साथ ही अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की भी आशंका है।

**********